तापमान
अधिकतम 36 .2 डिग्री
न्यूनतम 23 .5 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 9 जुलाई 2026

12 एसआईआर का काम तय समय पर पूरा करने के ...



12 आईटीआई में दाखिले की तारीख बढ़ी अब 15 ...



## खबर संक्षेप

### बेची गई संपत्ति पर कब्जे का प्रयास, पांच पर केस

**यमुनानगर।** पहले से बेची जा चुकी संपत्ति पर दोबारा कब्जा करने और फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मॉडल टाउन निवासी विकास कवात्रा की शिकायत के अनुसार, संपत्ति कानूनी रूप से बिक चुकी थी, लेकिन आरोपियों ने फर्जी कागजात के आधार पर उस पर दोबारा कब्जा करने की कोशिश की। पुलिस ने हरमनजीत सिंह, राजेश चौधरी, रविंद्र कौर, अमित चौधरी और अजय के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फर्जी दस्तावेजों के स्रोत, आरोपियों की भूमिका और उपलब्ध साक्ष्यों की गहन जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### फर्जी हस्ताक्षर कर धोखा धड़ी का आरोप, 6 पर केस

**यमुनानगर।** थाना फर्कपुर क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज और जाली हस्ताक्षरों के जरिए धोखाधड़ी व अमानत में खयानत करने के आरोप में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रटौली निवासी रणबीर सिंह की शिकायत पर दर्ज केस में आरोप है कि तारा सिंह, अजीत सिंह, कुलदीप सिंह, चरणजीत सिंह, दलजीत सिंह और पूर्णदीप सिंह ने आपसी मिलीभगत से उनके दस्तावेजों पर फर्जी हस्ताक्षर कर उनका दुरुपयोग किया। शिकायतकर्ता का कहना है कि इससे उन्हें आर्थिक और मानसिक नुकसान हुआ। पुलिस ने धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दस्तावेजों की सत्यता और फोरेंसिक साक्ष्यों की जांच के आधार पर आगे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### युवक से 1.36 लाख की साइबर ठगी

**यमुनानगर।** इंस्टाग्राम पर खिलौने बेचने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 1.36 लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। जगाधरी की विजय नगर कॉलोनी निवासी अब्दुर रहमान ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत दी कि उन्होंने 2 से 5 जुलाई के बीच इंस्टाग्राम पर खिलौनों का विज्ञापन देखकर ऑर्डर किया और बताए गए खाते में 1.36 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। आरोप है कि रकम मिलने के बाद न तो सामान भेजा गया और न ही किसी तरह का जवाब मिला। रुपये वापस भी नहीं किए गए। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पानीपत में जुआ खेलते सात आरोपी पकड़े

**पानीपत।** थाना बापौली पुलिस ने एक खेत में बने कोठड़े से जुआ खेलते हुए सात आरोपियों कर्ण निवासी गांव सनौली खुर्द, रहीश, मुकिम, साजिद, सद्दाम निवासी गांव बापौली, गुलफाम निवासी गांव शिमला गुजरान जिला पानीपत व तारिफ निवासी गांव मोई जिला शामली, उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। मौके पर आरोपियों के पास से जुआ खेलने में प्रयुक्त 91 ताश के पत्ते और दाव पर लगी 27 हजार 20 रुपये की नकदी बरामद की है।

### पानीपतः लूट का आरोपी पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** ई रिक्शा चालक को सुनसान जगह पर ले जाकर पिटाई कर ई रिक्शा लूटने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी गांव संजौली निवासी कार्तिक ने न्यायायल में आत्मसमर्पण कर दिया। सीआईए वन पुलिस ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। पुलिस रिमांड के दौरान छीनी गई ई रिक्शा से निकाली चारों बैटरी बरामद करने का प्रयास किया जाएगा। आर्य नगर निवासी दिनेश की शिकायत पर केस दर्ज है।

# तीन माह से वेतन अटका, एचएसजीएमसी मुख्यालय पर गरजे मीरी-पीरी अस्पताल कर्मी

## चेतावनी: 12 जुलाई तक समाधान नहीं हुआ तो 13 से आंदोलन तेज किया जाएगा

- धरने से अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, सामान्य दिनों में व्यस्त रहने वाला परिसर काफी हद तक सुनसान नजर आया
- हाईकोर्ट के फैसले के बाद एचएसजीएमसी ने संस्थान का संचालन संभालने का दावा किया था, लेकिन अब नहीं मिल रहा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मीरी-पीरी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर शाहाबाद के कर्मचारियों और चिकित्सकों का तीन माह से लंबित वेतन को लेकर आंदोलन बुधवार को और तेज हो गया। सुबह कर्मचारी कुरुक्षेत्र स्थित हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के मुख्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने दो घंटे का सांकेतिक धरना देकर प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद दोपहर एक बजे सभी कर्मचारी वापस अस्पताल पहुंचे और वहीं अपना अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा। कर्मचारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि 12 जुलाई तक वेतन और संस्थान के संचालन को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ, तो 13 जुलाई से आंदोलन को तेज कर दिया जाएगा। उधर, कर्मचारियों के आंदोलन का असर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर लगातार बना हुआ है। अस्पताल के बाहर धरना जारी है और सामान्य दिनों में सैकड़ों मरीजों से गुलजार रहने वाला परिसर अब काफी हद तक सुनसान दिखाई दे रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि उनका संघर्ष किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि अपने परिवारों के अस्तित्व, लंबित वेतन और संस्थान के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए है। धरने के दौरान संघर्ष समिति ने एचएसजीएमसी अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि 12 मई को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले के बाद उन्होंने स्वयं मीरी-पीरी अस्पताल पहुंच कर मीडिया और कर्मचारियों के सामने संस्थान का संचालन एचएसजीएमसी द्वारा संभालने की सार्वजनिक घोषणा की थी। उस घोषणा के बाद उन्हें उम्मीद थी कि संस्थान की व्यवस्था सुधरेगी, लेकिन इसके विपरीत आज तक एक भी माह का वेतन नहीं मिला। तीन माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारी बच्चों की फीस, मकान किराया, बिजली-पानी के बिल, बैंक ऋण की किस्तें और परिवार का खर्च चलाने तक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने ज्ञापन में कहा कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा न्यायिक आयोग द्वारा वेतन जारी करने संबंधी आदेश और स्पष्टीकरण दिए जाने के बावजूद कर्मचारियों को अब तक राहत नहीं मिली है। उन्होंने आरोप लगाया कि एचएसजीएमसी के 49 सदस्यों ने भी उनकी सुध नहीं ली और अब तक मात्र 2 सदस्य यहां धरना स्थल पर पहुंचे हैं, मगर तमाम दावो के बावजूद उन्होंने भी उनकी समस्या का कोई समाधान नहीं करवाया। कर्मचारियों ने मांग की कि यदि एचएसजीएमसी वास्तव में संस्थान का संचालन करने में सक्षम नहीं है, तो अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा यह बात कर्मचारी संघर्ष समिति को लिखित रूप में दें, ताकि कर्मचारी आगे की रणनीति तय कर सकें।




कुरुक्षेत्र। एचएसजीएमसी मुख्य कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते कर्मचारी एवं चिकित्सक।

### एसजीपीसी और ट्रस्टियों के खिलाफ आज से मोर्चा

संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि अब आंदोलन का अगला चरण एसजीपीसी, ट्रस्टियों और वर्तमान सीईओ के खिलाफ होगा। उन्होंने बताया कि वीरवार को सीईओ को ज्ञापन देकर पूछा जाएगा कि 12 मई के बाद संस्थान में प्रतिदिन आने वाली लाखों रुपये की आय में से कर्मचारियों को राहत देने के लिए कुछ वेतन क्यों जारी नहीं किया गया। कर्मचारियों ने ट्रस्टी सदस्यों पर भी आंदोलन के दौरान कर्मचारियों की सुध तक न लेने का आरोप लगाया।

यमुनानगरः दामला के नजदीक बड़ा हादसा

# सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को कार ने मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




कुरुक्षेत्र-यमुनानगर नगर मार्ग पर गांव दामला के नजदीक सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पश्चिमी चंपारण के गांव शिकारपुर निवासी सुनील शाह(47) दामला क्षेत्र में किसी फैक्टरी में काम करता था। सुबह दस बजे के करीब गांव दामला के नजदीक वह किसी काम से खड़ा हुआ था। इस दौरान वहां से तेजगति से गुजर रही कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सुनील शाह की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

# पानीपत के खेत में बने घर पर फायरिंग से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के निकटवर्ती गांव राजाखेड़ी के खेतों में बने संदीप शर्मा के मकान को निशाना बनाकर अज्ञात बदमाशों ने फायरिंग की। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। गनीमत यह रही कि वारदात के समय घर के अंदर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिसके कारण एक बड़ा जानी नुकसान होने से बच गया। वहीं, घटना की सूचना मिलते ही थाना किला प्रभारी दीवान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में पता चला कि बदमाशों द्वारा चलाई गई गोलियां घर की दीवारों और बाहर खड़ी गाड़ी में जाकर लगी, जिससे गाड़ी के शीशे टूट गए और दीवारों पर गोलियों के निशान बन गए। इधर, संदीप की शिकायत पर थाना किला पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहना है की जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हजारों रुपये की हेरोइन के साथ एक युवक गिरफ्तार

- 9.24 ग्राम हेरोइन बरामद, आरोपी से नेटवर्क की जानकारी जुटाएगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर में रामपुरा चौकी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को 9.24 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जगाधरी की सावनपुरी निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, गांव गधौली के पास एक युवक के नशीले पदार्थ के साथ घूमने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से रिमांड पर लिया गया है। पुलिस पूछताछ में नशा सप्लाई से जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटा रही है।

### कुवि में देश का पहला एआई पावर्ड जॉब फेयर आज

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल, गूगल जेमिनी और प्लेसकॉम के सहयोग से 9 जुलाई 2026 को श्रीमद्भगवद्गीता सदन में भारत का पहला एआई पावर्ड जॉब फेयर का आयोजन होगा। जॉब फेयर के संयोजक, डीन इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी तथा यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने बताया कि यह जॉब फेयर केवल इंजीनियरिंग विद्यार्थियों तक सीमित नहीं है। स्नातक, स्नातकोत्तर, प्रोफेशनल और शोध पाठ्यक्रमों के सभी स्ट्रीम के विद्यार्थी इसमें भागीदारी करेंगे। जॉब फेयर में एआई आधारित प्रोफाइल मैचिंग, स्मार्ट इंटरव्यू प्रक्रिया और डिजिटल स्क्रीनिंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा।

# कुविः प्रवेश परीक्षाओं में 761 अभ्यर्थी हुए शामिल

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयोजित एम.एससी. एनवायरनमेंटल साइंस, एलएलबी. व एमए अंग्रेजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गईं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 944 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए थे, जिनमें से 761 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 183 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि एम.एससी. एनवायरनमेंटल साइंस की परीक्षा के लिए अंग्रेजी विभाग स्थित परीक्षा केंद्र पर 61 अभ्यर्थियों में से 37 उपस्थित हुए, जबकि 24 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि एलएल.बी. प्रवेश परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाए गए थे। सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (ब्लॉक-1) में 179 में से 135, ब्लॉक-2 में 211 में से 178 तथा वाणिज्य विभाग केंद्र पर 185 में से 158 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं एम.ए. अंग्रेजी प्रवेश परीक्षा के लिए सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन में 308 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए आवंटित किया गया था।

### केयूः एडवांस डिप्लोमा इन जापानी भाषा के लिए 28 तक आवेदन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्रविश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विदेशी भाषा विभाग में संचालित एक वर्षीय सायंकालीन एडवांस डिप्लोमा इन जापानी भाषा (ब्लेंडेड मोड) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में संचालित इस स्ववित्तपोषित कार्यक्रम में 10 सीटें उपलब्ध हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 जुलाई 2026 है। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### पानीपतः ग्रामीण ने फंदे पर लटककर आत्महत्या की

**पानीपत।** पानीपत के गांव मांडी में बुधवार को एक 48 वर्षीय अजमेर सिंह पुत्र स्वरूप सिंह ने अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इसराना थाना पुलिस की जांच में पता चला कि अजमेर विवाहिता था और उसकी अपनी कोई संतान नहीं थी। अजमेर ने अपनी बहन की बेटी को गोद लिया हुआ था और उसका पालन-पोषण कर रहा था। वहीं, अजमेर सिंह सीधे और सरल स्वभाव का व्यक्ति था। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से वह गुमसुम रहता था और किसी से अपनी परेशानी साझा नहीं करता था। इधर, पुलिस ने जांच के बाद अजमेर के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवा कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अवैध हथियारों का जखीरा बरामद कार समेत आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

बराड़ा में सीआईए नारायणगढ़ की टीम ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को कार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल कार बरामद की है। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियारों के साथ बड़ी वारदात की फिराक में घूम रहा है। टीम ने थाना मुलाना क्षेत्र के गांव बुडियो के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली। गिरफ्तार



आरोपी की पहचान गांव तंदवाली निवासी सरनजीत सिंह उर्फ सन्नी के रूप में हुई है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### बाइक चोरी के मामले में चार आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार

**अंबाला।** अंबाला में थाना नग्गल पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। उप निरीक्षक अजीत पाल ने बताया कि गांव अमींपुर निवासी नरमैल सिंह ने 19 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 2 अप्रैल से 18 जून 2026 के बीच गांव चौडमस्तपुर से उसकी बाइक चोरी हो गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी पहले भी बाइक चोरी की कई वारदातों में शामिल रहे हैं। सीआईए ने एक अन्य चोरी मामले में इन्हें गिरफ्तार किया था। इसके बाद थाना नग्गल पुलिस ने न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट लेकर पूछताछ की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नितिन कुमार, कुनाल, बंटी राम और दिलबाग राम के रूप में हुई है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### चार दिन में स्नैचिंग का खुलासा तीन आरोपी धर दबोचे

**करनाल।** करनाल में सीआईए-1 की टीम ने स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाश पुत्र विनोद कुमार, मनीष पुत्र मुरारी लाल और सन्नी पुत्र मान सिंह निवासी जनकपुरी गली नंबर-4, करनाल के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, चार जुलाई को नई अनाज मंडी के पास घर लौट रहे व्यक्ति से मोटरसाइकिल सवार युवकों ने हाथापाई कर मोबाइल छीन लिया था। शिकायत के आधार पर थाना शहर करनाल में केस दर्ज किया गया था। सीआईए-1 ने तकनीकी साक्ष्यों और सूचना के आधार पर सेक्टर-16 टी-प्वाइंट से आरोपियों को गिरफ्तार किया। अदालत में पेश करने के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## आर्य केंद्रीय सभा की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

*पाखंड और अंधविश्वास के खिलाफ अभियान जारी रखने का संकल्प*

# रामपाल के दुष्प्रचार का करेंगे खुलकर विरोध हाइवे से आपत्तिजनक होर्डिंग हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

आर्य केंद्रीय सभा करनाल के नेतृत्व में बुधवार को सेक्टर-6 स्थित आर्य समाज में जिलेभर के आर्य समाजों के प्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रधान प्रो. आनंद सिंह आर्य ने की। बैठक में आर्य समाज की विचारधारा, वर्तमान परिस्थितियों तथा समाज में फैलाए जा रहे कथित दुष्प्रचार पर गंभीर मंथन हुआ। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आर्य समाज पाखंड, अंधविश्वास और अज्ञानता के खिलाफ अपना अभियान पहले की तरह जारी रखेगा तथा समाज में सत्य और वैदिक विचारधारा का प्रचार-प्रसार करेगा। बैठक में प्रो. आनंद सिंह आर्य ने आरोप लगाया कि रामपाल और उसके अनुयायियों द्वारा सुनियोजित तरीके से आर्य समाज, महर्षि दयानंद सरस्वती तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और योगीराज श्रीकृष्ण के खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अमर्यादित भाषा किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने कुकर्मों के कारण जेल में रहे हैं, वे बाहर आकर स्वयं को भगवान बताकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है। बैठक में मौजूद प्रतिनिधियों ने लोगों से ऐसे कथित पाखंडी लोगों से दूर रहने की अपील की।




**करनाल।** सेक्टर-6 स्थित आर्य समाज में आयोजित बैठक में मौजूद जिलेभर के आर्य समाज के प्रतिनिधि।

### राजमार्गों पर लगे होर्डिंग को प्रचार का माध्यम बनाया

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगे प्रचार होर्डिंग को लेकर भी नाराजगी जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि जहां शहरों के नाम और दूरी बताने वाले बोर्ड होने चाहिए, वहां कुछ व्यक्तियों के प्रचार वाले होर्डिंग लगाए जा रहे हैं। इससे आम लोगों को परेशानी होती है। इस संबंध में मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर राष्ट्रीय राजमार्गों से ऐसे होर्डिंग हटाने की मांग करने का निर्णय लिया गया।

उन्होंने कहा कि समाज के जागरूक लोगों को ऐसे तत्वों का विरोध करना चाहिए और उनकी सच्चाई आमजन के सामने लानी चाहिए। बैठक में स्वामी समर्पण देव, आचार्य संदीपन, प्रिया आर्य, मास्टर जयप्रकाश, दिलबाग आर्य, हर्षित आर्य, आचार्य शंकर शास्त्री, आचार्य राजीव शास्त्री, संजीव आर्य, रमेश आर्य, महिपाल आर्य, ओमबीर आर्य आदि मौजूद रहे।

# राजकीय अंध विद्यालय को मिलेगा नया भवन, 14.56 करोड़ से होगा निर्माण

विधायक प्रमोद विज ने जारी करवाया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



दिव्यांग बच्चों को मिलेगा बेहतर शैक्षणिक माहौल

पानीपत के हाली पार्क के पास स्थित राजकीय अंध विद्यालय के दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा की बेहतर सुविधा सुनिश्चित करने हेतु भाजपा हरियाणा सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। विधायक प्रमोद कुमार विज ने बुधवार को इस विद्यालय के नए भवन का टेंडर जारी करवा दिया है, जिसका निर्माण 14.56 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस नए भवन के बनने से विद्यालय के दिव्यांग बच्चों को आधुनिक और सर्व सुविधायुक्त वातावरण मिलेगा, जो उनकी शिक्षा को और अधिक सुगम तथा प्रभावी बनाएगा। वर्तमान में विद्यालय जिस पुरानी इमारत में संचालित हो रहा है, उसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। नया भवन इन सभी कमियों को दूर करते हुए बच्चों को बेहतर अवसर प्रदान करेगा।भाजपा हरियाणा की नायब सैनी की सरकार की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण और दिव्यांग बच्चों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता का स्पष्ट उदाहरण है। यह प्रोजेक्ट न केवल शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज के ब्लाइंड स्कूल के बच्चों के लिए समावेशी विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। विधायक प्रमोद कुमार विज ने बातचीत में कहा कि विद्यालय के नए भवन के बनने से बच्चों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

## खबर संक्षेप

### सीएम से मिले पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष रामकुमार रंबा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार रंबा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलकर पिछड़ा की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। रंबा ने बताया कि पिछड़ा वर्ग का बैकलॉग पूरा करने की मांग उन्होने मुख्यमँत्री के सामने रखी। इसके अलावा कुरुक्षेत्र के लोगों की कई मांगों को मुख्यमँत्री के समक्ष रखा। रामकुमार रंबा ने बताया कि जिने बोर्डों के चेयरमैन व सदस्यों को अभी तक नही बनाया गया, उन्हे जल्द भरा जाए। रंबा ने बताया कि मुख्यमँत्री ने उनकी मांगों को ध्यान से सुना व आश्वासन दिया कि जो भी मांग सौंपी गई है, जल्द निवारण किया जाएगा। रामकुमार रंबा ने कहा कि हरियाणा का पिछड़ा वर्ग आज मुख्यमंत्री नायब सैनी की नीतियों से खुश है व भाजपा के साथ खड़ा है।

### चेक बाउंस मामलों की लोक अदालत 18 को

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (हालसा) के सदस्य सचिव से प्राप्त दिशा निदेर्शों की अनुपालना में पूरे प्रदेश में चेक बाउंस मामलों की विशेष लोक अदालत का आयोजन 18 जुलाई को किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत में मुख्य रूप से चेक बाउंस से जुड़े मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीतिका भारद्वाज ने दी। विशेष लोक अदालत का आयोजन स्थानीय न्यायिक परिसर व अन्य न्यायिक परिसरों में किया जाएगा।

### सुमेर चंद की स्मृति में रक्तदान शिविर 12 को

**कुरुक्षेत्र।** धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी स्वर्गीय सुमेर चंद अग्रवाल की पावन स्मृति में सरस्वती मेडिसिन एजेंसीज, कुरुक्षेत्र और जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 12 जुलाई को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक अग्रवाल धर्मशाला, नजदीक रेलवे स्टेशन, कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अग्रवाल परिवार पिछले कई वर्षों से स्वर्गीय सुमेर चंद्र अग्रवाल की स्मृति में रक्तदान कैंप का आयोजन कर रहा है, जिसमें सैकड़ों व्यक्ति स्वेच्छा से रक्तदान करते हैं।

### कर्मचारियों को नियमित करने की मांग

**कुरुक्षेत्र।** सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को जिला प्रधान रामनाथ भाटी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव संदीप नरवाल ने किया। सर्व कर्मचारी संघ के राज्य सह सचिव संदीप सांगवान तथा पूर्व महासचिव नरेश कुमार ने विशेष रूप से भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि माननीय हाई कोर्ट के 23 दिसंबर 2025 और 31 दिसंबर 2025 के आदेशों के अनुरूप कच्चे कर्मचारियों को नियमित किया जाए तथा दो वर्ष से अधिक सेवा दे चुके कर्मचारियों को स्थायी नियुक्ति प्रदान की जाए। समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने, कच्चे कर्मचारियों को संबंधित विभागों के पेरोल पर लेने की मांग भी उठाई।

# औचक निरीक्षण में आठ कर्मचारी मिले अनुपस्थित

## डीसी डॉ. आनंद शर्मा ने नोटिस और वेतन कटौती के दिए निर्देश

- लघु सचिवालय, पटवारखाना और घरौंडा एसडीएम-तहसील कार्यालय का निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल**

जिला प्रशासन में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बुधवार सुबह लघु सचिवालय स्थित विभिन्न विभागों के कार्यालयों, करनाल पटवारखाना तथा घरौंडा एसडीएम व तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयों की साफ-सफाई, रिकॉर्ड रखरखाव तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया।

लघु सचिवालय के निरीक्षण के दौरान तीन कर्मचारी बिना अनुमति अनुपस्थित मिले, जिस पर उपायुक्त ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद घरौंडा एसडीएम एवं तहसील कार्यालय के निरीक्षण में पांच पटवारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। उपायुक्त ने इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यालय में मौजूद रहने के बावजूद हाजिरी रजिस्टर और बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज नहीं करने वाले कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी एसडीएम को दिए। उन्होंने घरौंडा तहसील में लंबित इंतकाल और निशानदेही के मामलों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करने तथा सभी कार्य ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली के माध्यम से करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगराधीश कार्यालय, एलपीए शाखा, तहसील कार्यालय, आरटीआई शाखा, एलएफए शाखा, सरल केंद्र, ई-दिशा केंद्र तथा एसडीएम कार्यालय का भी दौरा किया।



करनाल। लघु सचिवालय एवं घरौंडा तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

### ई ऑफिस अपनाने में लापरवाही न करें

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली समय की बचत, पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। सरकार के निर्देशानुसार सभी अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय संबंधी फाइलों का आदान-प्रदान केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि ई-ऑफिस प्रणाली को नहीं अपनाने वाले अधिकारी और कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। ई-ऑफिस सरकार का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है, जिससे कार्यालयी कार्य तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरे किए जा सकते हैं। बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, एसीयूटी सोहम शैलेंद्र, जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार, सीटीएम सुरेश कुमार, डीईओ रोहताश वर्मा, डीडीपीओ कंचनलता, एएमसी अशोक, सीएमजीजीए श्रुति मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनहित के कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : महापौर



करनाल। नगर निगम कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं सुनती महापौर रेणु बाला गुप्ता।

- जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनीं, कई मामलों का मौके पर हुआ समाधान

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल**

नगर निगम की नियमित जनसुनवाई एक बार फिर आम नागरिकों के लिए त्वरित राहत का माध्यम बनी। बुधवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याओं को गंभीरता और आत्मीयता के साथ सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान कराया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट और समयबद्ध निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में नागरिकों ने सड़क, जल निकासी, सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं महापौर के समक्ष रखीं। महापौर ने प्रत्येक मामले की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निगम केवल विकास कार्यों को लागू करने वाली संस्था नहीं, बल्कि नागरिकों के विश्वास का केंद्र भी है।

# साध्वी राधा ने भगवान के अवतारों व भक्तों की महिमा का किया वर्णन

- श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन किए प्रवचन

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| तरावड़ी**

अमीर चन्द मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा व्यास साध्वी राधा शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भगवान की दिव्य लीलाओं एवं उनके विभिन्न अवतारों का भावपूर्ण वर्णन सुनाया। नगर पालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र बंसल, पंजाबी सभा के प्रधान राजीव नारंग, शिव शक्ति संकीर्तन मंडल के संरक्षक हंसराज पाहूजा, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, सुरेन्द्र खुराना, यशपाल शर्मा मुख्य रुप से उपस्थित रहे। जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान अपने भक्तों की रक्षा और धर्म की स्थापना के लिए विभिन्न अवतार धारण करते हैं। कथा के दौरान भगवान के वराह, वामन, नरसिंह एवं श्रीराम सहित अन्य अवतारों की महिमा का वर्णन किया गया। कथावाचक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ज्ञान का स्रोत है।

कथा श्रवण से मन की अशांति दूर होती है, जीवन में सकारात्मकता आती है तथा व्यक्ति भगवान के प्रति भक्ति भाव से जुड़ता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में सत्य, सेवा, दया और सदाचार अपनाने का आह्वान किया। श्रद्धालुओं ने पूरे मनोयोग से कथा श्रवण किया और भगवान के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

कथा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर विपिन छाबड़ा, प्यारेलाल काठपाल, मदनलाल गिरधर, भास्कर लूथरा, रमेश अरोड़ा, अमित लाम्बा, धर्मपाल वलेचा, सुदर्शन सरदाना आदि उपस्थित रहे।



### शिविर में 3 एचआईवी और 14 हेपेटाइटिस-सी संक्रमित मिले

**करनाल।** हरियाणा रेडक्रॉस चंडीगढ़ के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी और महासचिव डॉ. सुनील कुमार के निर्देश तथा उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित टार्गेटेड इंटरवेंशन प्रोजेक्ट के तहत हाई रिस्क आबादी के लिए जिला रेडक्रॉस कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिला रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि शिविर में हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, एचआईवी/एड्स सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर का उद्देश्य लोगों को संक्रामक रोगों के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच के लिए प्रेरित करना और आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराना था। सरकारी अस्पताल की विशेषज्ञ टीम ने लाभार्थियों की जांच की तथा उन्हें सुरक्षित व्यवहार, समय पर जांच और उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# सीजेएम ने विद्यार्थियों को पॉक्सो कानून और नशे के दुष्प्रभाव बताए

- मीनाक्षी यादव ने अलीपुर खालसा स्कूल में किया पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बुधवार को जिला शिक्षा विभाग के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीपुर खालसा में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी घरौंडा वीना, प्रधानाचार्य विनोद सैनी, जिला शिक्षा विभाग के कोऑर्डिनेटर दिनेश कुमार तथा विद्यालय स्टाफ ने उनका स्वागत किया। सीजेएम मीनाक्षी यादव ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम की जानकारी देते हुए कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की सहमति कानूनन मान्य नहीं होती। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा पर ध्यान देने, नशे से दूर रहने और किसी भी प्रकार की गलत गतिविधि से बचने की सलाह दी।




### मिड-डे मील का निरीक्षण

सीजेएम ने विद्यालय में मिड-डे मील का निरीक्षण किया तथा बच्चों को पौष्टिक भोजन और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। दोपहर बाद सीजेएम ने सब डिवीजनल लीगल सर्विसेज कमेटी घरौंडा में कानूनी सहायता केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अतिरिक्त सिविल जज एवं अध्यक्ष गौरांग शर्मा, सिविल जज श्रीष सेठी, सिविल जज कार्तिक शर्मा तथा पैनल अधिवक्ताओं के साथ पौधारोपण किया।

# धुराला में दो अवैध कॉलोनी में निर्माण को किया नष्ट

- लगभग 2.25 एकड़ में पनप रही थी दो कॉलोनियां

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजस्व संपदा के गांव दुराला में लगभग 2.25 एकड़ में पनप रही दो अवैध कालोनियों में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। यह डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने गांव दुराला में लगभग 2.25 एकड़ में पनप रही दो अवैध कालोनियों में बनी सडकें, सीवरेज और मेनहॉल और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। डीटीपी नवीन कुमार की रिपोर्ट के अनुसार राजस्व संपदा के गांव धुराला में लगभग 2.25 एकड़ में पनप रही दो अवैध कॉलोनियों के पनपने का मामला सामने आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे, परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है।

### क्षत्रिय सभा की नई कार्यकारिणी को प्रदान किए निर्वाचन प्रमाण पत्र

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

लगभग तीन वर्षों से कानूनी विवादों में उलझे क्षत्रिय सभा कुरुक्षेत्र के चुनाव को लेकर सोमवार का दिन महत्वपूर्ण रहा। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के 6 जुलाई 2026 के आदेश के बाद प्रशासन ने 23 जून को घोषित चुनाव परिणाम को प्रभावी मानते हुए नव निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को विधिवत निर्वाचन प्रमाणपत्र जारी कर दिए। सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से प्रमाणपत्र मिलने के बाद नवगठित कार्यकारिणी ने विधिवत कार्यभार संभाल लिया। इसके साथ ही लंबे समय से चले आ रहे चुनावी विवाद में फिलहाल नई कार्यकारिणी के गठन का रास्ता साफ हो गया है।

# पुलिस पर फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

- जानलेवा हमले के आरोप में था फरार, पैर में गोली मारकर दबोचा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

पिहोवा में व्यक्ति पर जानलेवा हमला करके चोट पहुंचाने के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद काबू किया है। मंगलवार देर रात अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने एनएच-152 गांव फूलगढ के पास आरोपी की टांग में गोली मारकर काबू किया है। आरोपी की पहचान संजय उर्फ दीपू रंधावा वासी फौजी प्लाट पेहवा जिला कुरुक्षेत्र के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को ईलाज के लिए एलएनजेपी हस्पताल कुरुक्षेत्र में दाखिल करवाया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुछ दिन पहले संजय उर्फ दीपु रंधावा वासी फौजी प्लाट पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र, नबाव वासी गांव तलहेडी जिला कुरुक्षेत्र व मोती उर्फ आकाश वासी फौजी प्लाट पेहवा जिला कुरुक्षेत्र व कुलदीप उर्फ जज वासी संधोली जिला कुरुक्षेत्र मिलकर सचिन वासी सतौडा को रंजिश के चलते गंडासी/डण्डो से जान से मारने की नियत से चोटे मारकर फरार हो गये थे। जो सभी आरोपी इस झगडा के बाद असला लेने के लिये बाहर गये हुए थे। जिनमें से संजय उर्फ दीपु रंधावा आज पेहवा में घुम रहा है और इस समय एनएच-152 फुलगढ के बस स्टाप के सामने पडी खाली पड़ी जगह पर मौजूद है।

## न्यूज डायरी

### नैतिक मूल्य विषय पर प्रेरणादायक नाटक का मंचन



**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं नैतिक मूल्यों के संवर्धन के उद्देश्य से कक्षा तीसरी सी के विद्यार्थियों द्वारा नैतिक मूल्य विषय पर एक प्रेरणादायक नाटक का भव्य मंचन किया गया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट अभिनय, प्रभावशाली संवादों एवं आत्मविश्वास पूर्ण प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने सत्य,ईमानदारी, अनुशासन, सम्मान, सहयोग, दया एवं मानवता जैसे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों का अत्यंत सजीव और सुंदर प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुति ने यह संदेश दिया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्य भी उतने ही आवश्यक हैं। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका महोदया पिथी चौधरी ने कहा कि नैतिक मूल्य ही व्यक्ति के चरित्र की वास्तविक पहचान होते हैं। बच्चों को बचपन से ही सत्यनिष्ठा, करुणा, अनुशासन और जिम्मेदारी जैसे गुणों को अपनाना चाहिए। यही मूल्य उन्हें एक श्रेष्ठ नागरिक और सफल इंसान बनाते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास उतरेजा ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।

### गन्ना संबंधित मांगों को लेकर भादसों में पंचायत



**इंद्री।** ग्राम सचिवालय भादसों में भादसों शुगर मिल के आसपास के करीब 6 गांवों के गन्ना उत्पादक किसानों ने पंचायत की । जिसकी अध्यक्षता राजपाल भादसों व मेहर सिंह सरवन माजरा ने की । पंचायत में गांव भादसों, सरवन माजरा, बीड माजरा, उड़ाना, खेड़ी जाटान व हैबतपुर गांवों के किसानों ने भाग लिया । इस मौके पर राजपाल व मेहर सिंह आदि ने कहा कि सात जुलाई को किसानों की समस्याओं को लेकर पिकाडली शुगर मिल के अधिकारियों से फोन पर किसानों की समस्याओं के समाधान पर बातचीत हुई थी लेकिन मिल अधिकारियों की ओर से कोई सार्थक उत्तर नहीं दिया गया । जिसे लेकर ग्राम सचिवालय भादसों में यह पंचायत बुलाई गई है। उनकी मुख्य मांगे हैं कि ऑनलाइन टोकन बिल्कुल बंद किया जाए, पर्ची नंबर पहले जारी किया जाए, गन्ने की पेमेंट का भुगतान 14 दिन के अंदर किया जाए, आउट एरिया का गन्ना बंद किया जाए, गन्ने की बॉन्डिंग किसान के अनुसार की जाए, गन्ने का बोंड 400 क्विंटल प्रति एकड़ किया जाए, गन्ने की ट्राली का वजन 105 क्विंटल किया जाए व मिल मे कांटे की चेकिंग किसानों की सामने की जाए आदि मांगे हैं। किसानों ने निर्णय लिया कि यदि 10 दिन के अंदर मिल प्रशासन ने किसानों की मांगे नहीं मानी तो वे भादसों मिल को गन्ना नहीं देंगे। इस मौके पर आत्म प्रकाश, महेंद्र सिंह, रमेश कुमार, वेदपाल, जसविंदर सिंह, बंसीलाल, करनैल सिंह, भीम सिंह, बलजिंदर सिंह, रोहित, रमेश चंद, व रामलाल सहित काफी संख्या में गन्ना उत्पादक किसान मौजूद रहे ।

## घरेलू कनेक्शन के व्यावसायिक उपयोग पर होगी कार्रवाई

# अवैध पानी-सीवर कनेक्शन नियमित किए जाएंगे

- निगमायुक्त सलोनी शर्मा ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| करनाल**

नगर निगम अब शहर में अनाधिकृत जलापूर्ति एवं सीवरेज कनेक्शनों को नियमित करने के लिए विशेष अभियान चलाएगा। नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने बुधवार को जलापूर्ति शाखा के अभियंताओं की समीक्षा बैठक में विभिन्न कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नई अधिकृत कॉलोनियों और उन क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाए जाएं, जहां अनाधिकृत कनेक्शनों की संख्या अधिक है। शिविरों में मौके पर ही आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर जलापूर्ति एवं सीवरेज कनेक्शन जारी किए जाएंगे।



बैठक में जल मीटर स्थापना, बिल वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाने और बकाया राशि की वसूली बढ़ाने को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। निगमायुक्त ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित वार्डों के पार्षदों और वार्ड कमेटियों का सहयोग लिया जाए। इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर अधिक से अधिक अनाधिकृत कनेक्शनों को नियमित किया जाए। सलोनी शर्मा ने कहा कि पानी की लीकेज तथा सीवरेज मिक्सिंग जैसी शिकायतों को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए नियमित निगरानी की जाए। किसी भी शिकायत की सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचकर तत्काल समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशानी न हो। घरों में केवल पेयजल एवं घरेलू उपयोग के लिए फ्रेश वाटर का इस्तेमाल किया जाए, जबकि भवन निर्माण, सिंचाई और औद्योगिक इकाइयों में उपचारित (ट्रीटेड) पानी के उपयोग को प्राथमिकता दी जाए। इससे भूजल और पेयजल स्त्रोतों पर दबाव कम होगा।

### बकायेदारों को भेजे जाएंगे नोटिस

राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सलोनी शर्मा ने निर्देश दिए कि जल बिल वितरण के बाद बकायादार उपभोक्ताओं को नोटिस जारी करने और नोटिस वितरण अभियान में तेजी लाई जाए। नियमित मॉनिटरिंग के जरिए राजस्व संग्रह बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाए। बैठक में कार्यकारी अभियंता ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में 1609 नए जलापूर्ति एवं सीवरेज कनेक्शन जारी किए गए हैं। वर्तमान में नगर निगम क्षेत्र में 41 हजार 116 अधिकृत कनेक्शन हैं। चालू वित्त वर्ष में अब तक जल एवं सीवरेज शुल्क के रूप में लगभग 2 करोड़ 19 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है। इस पर निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि जनजागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को नियमित कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जाए।

### श्रीराम मंदिर प्रकरण में दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई : कैलाशपुरी

**करनाल।** महाकाल स्वामी कैलाशपुरी ने अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर से जुड़े कथित चोरी प्रकरण को करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा विषय बताते हुए इसकी निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ बिना किसी भेदभाव के कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। स्वामी कैलाशपुरी ने आरोप लगाया कि भगवान श्रीराम के घर में हुई कथित चोरी के लिए केवल चंपत राय ही नहीं, बल्कि सरकार की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों को बचाने का प्रयास किया गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। उनका कहना था कि सत्य को अधिक समय तक छिपाया नहीं जा सकता और अंततः न्याय होकर रहेगा। अयोध्या करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के आरोप में दंपति पर केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत के औद्योगिक हुडा सेक्टर -29 में रोजेट प्राइवेट लिमिटेड के संचालक मॉडल टाउन निवासी उद्योगपति गौतम विज की कंपनी के साथ दंपति मोहित राणा व गीता ने जाली दस्तावेज और फर्जी बिल तैयार कर कंपनी को 5 लाख 35 हजार 108 रुपए का वित्तीय नुकसान पहुंचा है। इतना ही नहीं, मामले को रफा-दफा करने के लिए आरोपियों द्वारा दिए गए कई चेक भी बैंक में बाउंस हो गए। थाना हुडा सेक्टर-29 पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने के बाद पीड़ित उद्यमी ने न्याय के लिए सीधे पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह को लिखित शिकायत सौंपकर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### कर्मचारियों को फर्स्ट ऐड का दिया प्रशिक्षण

**पानीपत।** औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड) में आयोजित तीन दिवसीय व्यवसायिक प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। वहीं, अंतिम दिन जिला कल्चर कोऑर्डिनेटर एवं फस्ट एड लेक्चरर संदीप रत्तेवाल ने प्रतिभागियों को विभिन्न आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन रक्षक प्राथमिक उपचार की व्यवहारिक जानकारी दी।

### पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने इसराना व मतलौडा क्षेत्र में खेतों से ट्यूबवेल की तार व स्टार्टर चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों उम्रदराज पुत्र अली अहमद निवासी गांव गढ़ी भरल हाल झुग्गी झोपड़ी मतलौडा व जुलफान पुत्र अकबर अली निवासी गढ़ी भरल जिला करनाल हाल झुग्गी, घरौंडा को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों से चोरी की दो वारदातों को खुलासा हुआ। थानेदार वीरेंद्र ने बताया कि आरोपियों ने पांच अप्रैल व पांच जून को चोरी की घटनाओं को अंजहाम दिया था। चोरी की उक्त वारदात बारे थाना मतलौडा में कुराना के बलवान पुत्र हरिसिंह की शिकायत पर केस दर्ज है।

### झांसे में लेकर बुजुर्ग महिला को किया अगवा

**पानीपत।** पानीपत के एक निजी अस्पताल के खिलाफ झूठी गवाही, वीडियो और दस्तावेज तैयार करवाने के षड्यंत्र के तहत 73 वर्षीय छन्नो देवी निवासी गांव बिहौली जिला पानीपत का अपहरण कर लिया गया। आरोपियों ने स्वास्थ्य जांच और अल्ट्रासाउंड का झांसा देकर बुजुर्ग महिला को पहले हरिद्वार और फिर दिल्ली बंधक बनाकर रखा। पुलिस ने शिल्पा और इसके साथी रविंद्र गुलिया के खिलाफ अपहरण समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज किया है। छन्नो देवी ने बताया कि उन्हें बंधक बनाए जाने के दौरान शिल्पा व रविंद्र गुलिया ने उनसे कई कोरे कागजों पर अंगूठा लगवा और उनकी वीडियो बनाई, वीडियो बनाने के दौरानर छन्नो देवी से आरोपियों शिल्पा व रविंद्र ने अपनी मर्जी के अनुसार एक अस्पताल के खिलाफ जबरन झूठे बयान दिलवाए थे।

---

### पीसीपीएनडीटी व एमटीपी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन पर बैठक में मंथन

# कन्या भ्रूण हत्या रोकना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : चौकसे

**बेटी बचाओ अभियान को मिलेगी मजबूती अवैध गर्भपात पर होगी कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पीसीपीएनडीटी को लेकर बैठक करते हुए प्रशासनिक अधिकारी।

पानीपत जिला सचिवालय स्थित अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में बुधवार को अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एवं एमटीपी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लिंग चयन एवं अवैध गर्भपात पर रोक को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सरकार द्वारा लागू इनाम राशि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी अंकित चौकसे ने कहा कि बेटी बचाना केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझा जिम्मेदारी है। पीसीपीएनडीटी एवं एमटीपी अधिनियम का उद्देश्य प्रत्येक बेटी को जन्म लेने का अधिकार और सुरक्षित भविष्य प्रदान करना है। किसी भी प्रकार का लिंग चयन, कन्या भ्रूण हत्या अथवा अवैध गर्भपात कानूनन गंभीर अपराध है और ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय मलिक ने कहा कि स्वस्थ और संतुलित समाज के निर्माण के लिए बेटियों की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वास्थ्य विभाग पीसीपीएनडीटी एवं एमटीपी अधिनियम का पूरी गंभीरता से पालन सुनिश्चित कर रहा है। यदि कोई व्यक्ति लिंग चयन, अवैध गर्भपात या इससे जुड़ी किसी भी गैरकानूनी गतिविधि की सूचना देता है तो उसकी पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा सरकार की इनाम योजना के तहत नियमानुसार प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे ऐसे मामलों की जानकारी व्हाट्सएप या हेल्पलाइन नंबरों पर तुरंत दें और बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान को जन-जन का आंदोलन बनाने में अपना सक्रिय सहयोग दें।

#### अवैध गतिविधियों की दें सूचना

बैठक में बताया गया कि पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत लिंग चयन (सेक्स डिटरमिनेशन) संबंधी सूचना देने वाले व्यक्ति को एक लाख रुपये तक की इनाम राशि तथा 35 हजार रुपये की डिकॉय राशि प्रदान की जाएगी। वहीं एमटीपी अधिनियम के तहत अवैध गर्भपात की सूचना देने पर 10 हजार रुपये की इनाम राशि तथा 25 हजार रूपए की डिकॉय राशि का प्रावधान है। अतिरिक्त उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह सुरक्षित रखी जाएगी। बैठक में सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि कानून के प्रभावी पालन, नियमित निरीक्षण, जन-जागरूकता अभियानों तथा शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के माध्यम से जिले में लिंग चयन और अवैध गर्भपात जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई कि वे ऐसी किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग को देकर बेटी बचाने के इस सामाजिक अभियान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

---




पानीपत। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में पेंटिंग्स का प्रदर्शन करते विद्यार्थी।

## नागरिकों को हरी सब्जियों के सेवन का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए वेजिटेबल पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा, कलात्मक अभिव्यक्ति तथा कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने आलू, भिंडी, शिमला मिर्च, प्याज, फूलगोभी तथा अन्य सब्ज़ियों की छाप का प्रयोग कर मनमोहक चित्र तैयार किए। किसी ने प्राकृतिक सौंदर्य को उकेरा तो किसी ने तितलियों, फूलों, वृक्षों, पशु-पक्षियों और मनोहारी आकृतियों को अपनी कल्पना के रंगों से साकार किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुमिता अरोड़ा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ बच्चों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा, आत्मविश्वास, धैर्य और सृजनात्मक सोच को विकसित करने का सशक्त साधन है। उन्होंने सभीप्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी उत्साह और लगन के साथ प्रत्येक गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। आर्यभट्ट सदन ने प्रथम और कलाम सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी जीत का परचम लहराया।

---

## क्रैच वर्कर्स एंड हेल्पर्स की मांगों को जल्द से जल्द पूरा करें सरकार : पूनम

**-क्रैच वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन का तीसरा जिला सम्मेलन आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। क्रैच वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

सीटू जिला कार्यालय क्रांतिकारी शिववर्मा स्मारक भवन गीता कॉलोनी में क्रैच वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू का तीसरा पानीपत जिला सम्मेलन पूनम जिला प्रधान की अध्यक्षता में किया गया। जिला सचिव नूतन ने पिछले तीन वर्ष की रिपोर्ट रखते हुए कहा कि पिछले तीन वर्षों से अपनी मांगों को लेकर सरकार से संघर्ष किया। वर्तमान समय में भी संघर्ष जारी है और भविष्य में भी जारी रहेगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीटू राज्य सचिव सुनील दत्त ने कहा कि क्रैच वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन यूनियन ने हरियाणा के अंदर कम संख्या में होते हुए भी अपने रोजगार को बचाने के लिए सरकार के खिलाफ वर्षों तक लंबे संघर्ष के बाद जीत हासिल की। वर्तमान समय में यूनियन की मांग है कि क्रैच वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन में कार्यरत सभी को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, न्यूनतम वेतन 30000, ईएसआई पीएफ, सामाजिक सुरक्षा, रिटायरमेंट आयु 65 वर्ष, रिटायरमेंट बेनिफिट्स 5 लाख रुपए दिया जाए। सीटू यूनियन की आंदोलन का समर्थन करती है। वहीं सर्वसम्मति से जिला कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें प्रधान नूतन, सचिव पूनम, कोषाध्यक्ष ललिता, अनीता, सुशीला, राजबाला व मुकेश को सदस्य चुना गया।

### ग्रीन बेल्ट में हो रहे अवैध निर्माण

**पानीपत।** पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में सीडब्लूपी नंबर 13923/2023 जीटी रोड के खसरा नंबर 720 पर स्टे के बावजूद तहसील कार्यालय और हुडा विभाग की मिली भगत से धड़ल्ले हो रही है रजिस्ट्री और अवैध निर्माण यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पार्षद ने मुख्यमंत्री हरियाणा अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त आयुक्त, प्रशासक हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, मंडल आयुक्त करनाल, उपायुक्त पानीपत को भेजी शिकायत में लगाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि उच्च अधिकारियों की मिली भगत के चलते हाई कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाकर तहसील कार्यालय द्वारा मोटा धन वसूली करके रजिस्ट्री की जा रही है। उन्होंने शासन प्रशासन से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करवा कर इसमें शामिल भू माफियाओं और अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज कर अवैध निर्माणों को ध्वस्त

## समीक्षा बैठक में एडीसी ने अफसरों को दिए पात्रों को लाभ पहुंचाने के निर्देश

**प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। पीएम-एजेवाई योजनाओं की संबंधी विभागों के अधिकारियों के साथ न समीक्षा करते हुए एडीसी अंकित चौकसे। फोटो : हरिभूमि

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम -एजेवाई) के अंतर्गत जिला स्तरीय परियोजना मूल्यांकन सह अभिसरण समिति की बैठक जिला सचिवालय में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे पुलिस ने की। बैठक में अनुसूचित जाति वर्ग के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से तैयार विभिन्न स्वरोजगार एवं कौशल विकास आधारित प्रस्तावों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान एडीसी चौकसे ने प्रत्येक प्रस्ताव और योजना पर क्रमवार चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों से उसकी व्यवहारिकता, लाभार्थियों तक पहुंच तथा वास्तविक उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की मंशा केवल योजनाएं तैयार करना नहीं बल्कि उनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि स्वरोजगार, कौशल विकास, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता तथा अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ एकीकृत रूप से लाभार्थियों तक पहुंच सके। बैठक में सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण कुमारी, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, सीएमओ विजय मलिक, डिप्टी डीईओ सुमन कादयान, मनीष गुप्ता, डीएसडब्ल्यू जयपाल हुड्डा, निरीक्षक विनोद कौशिक, पब्लिक हेल्थ के कार्यकारी अभियंता करण बहल आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**जजपा ने 12 को होने वाले सम्मेलन को लेकर की बैठक**

## संत कबीर की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक : रमेश खटक



पानीपत। जेजेपी की एससी सैल की बैठक में भाग लेते रमेश खटक, रामनिवास पटवारी, देवेंद्र कादियान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत ।** जाटल रोड स्थित जेजेपी जिला कार्यालय में बुधवार को जेजेपी एससी सैल की जिला स्तरीय बैठक एससी सैल के प्रदेश प्रभारी रमेश खटक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बारह जुलाई को रोहतक में राज्य स्तरीय संत कबीर दास जयंती समारोह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। रमेश खटक ने बताया कि इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ता जुट जाएं। बैठक में देवेंद्र कादियान, जेजेपी जिला अध्यक्ष रामनिवास पटवारी, संदीप इंदौरा, महावीर कश्यप, सतबीर मलिक भगत, कप्तान नौल्था, सुमेर जागलान, सुनील दुग्गल, संगीत जोगी, दिलावर दीवाना, रणबीर दीवाना, बलराज देशवाल, लहना सिंह, सरिता मोर, अतुल हांडा, रोहित मलिक और विशाल डिडवाड़ी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

**सतलुज स्कूल, रोटरी व इनरव्हील क्लब ने मिलकर किया पौधरोपण**

## 200 पौधे बांटकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रोटरी क्लब और इनरव्हील क्लब के संयुक्त तत्वाधान से सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में 'वन महोत्सव' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। पर्यावरण को हरा-भरा और स्वच्छ रखने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया तथा लगभग 200 पौधों को छात्रों में वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा स्टेट कोऑपरेटिव एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने शिरकत की। उन्होंने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण की महत्ता पर प्रकाश डाला और सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। स्कूल प्रधानाचार्य डॉ. रघबीर सिंह घुम्मण ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा के प्रधान विक्रम गुप्ता ने कहा कि रोटरी क्लब सदैव समाजहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण ही बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान है। रविन्द्र सांगवान ने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष मानव जीवन के सच्चे मित्र हैं और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए इनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

## इंसान को उर्जा प्रदान करती हैं धार्मिक यात्राएं : रोहित




पानीपत । ब्राह्मण महासंघ परिवार प्रबंध समिति पानीपत के तत्वावधान में 11 से 12 जुलाई तक निःशुल्क मां रेणुका जी दर्शन यात्रा का आयोजन श्री श्री 1008 महामडलेश्वर परमहंस श्री दयानंद भारती, संचालक गायत्री आश्रम, रेणूका जी के सानिध्य में किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए बीएमएस के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ 11 जुलाई को सुबह 7 बजे स्काईलार्क से होगा। इस दौरान श्रद्धालु भगवान परशुराम मंदिर, नारायणगढ़, मां बालासुंदरी मंदिर त्रिलोकपुर तथा हिमाचल प्रदेश स्थित मां रेणुका जी के दर्शन करेंगे। यात्रा कार्यक्रम के अनुसार 12 जुलाई को प्रातः श्रद्धालु रेणुका झील की परिक्रमा करेंगे। इसके बाद चाय-नाश्ता, संतों के प्रवचन, प्रसाद ग्रहण तथा दोपहर में पानीपत के लिए वापसी का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। रोहित गौतम ने बताया कि समाजसेवी पूर्ण शर्मा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे। वहीं श्रद्धालुओं का तिलक एवं यात्रा पटका पहनाकर स्वागत एडवोकेट रित मोहन शर्मा परिवार तथा डा.महेंद्र शर्मा परिवार द्वारा किया जाएगा। वहीं यात्रा संयोजक सेवानिवृत प्राचार्य चित्रलेखा शर्मा, यात्रा दिगदर्शक अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा, विनोद वत्स शास्त्री व राकेश मौदगिल होंगे। जबकि मीडिया प्रभारी नवीन शर्मा मुरथल रहेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस धार्मिक यात्रा में शामिल होने की अपील की है। यात्रा में शामिल होने के लिए एडवोकेट सुरभि शर्मा, संजय शर्मा, संजीव भारद्वाज, सुधीर शर्मा, वासुदेव शर्मा, सतीश वत्स, राखी त्यागी व रविन्द्र पालीवाल से संपर्क किया जा सकता है।

---

## पेयजल पाइप बदलने व रोड़ चौपाल के नवनिर्माण की रखी आधारशिला

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गांवों का विकास शहरों की तर्ज पर कर रहे हैं। गांवों में शहरों जैसी सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। ग्रामीणों के लिए सैर करने के लिए पार्क, व्यामशालाएं, कम्यूनिटी सेंटर बनाए जा रहे हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा थानेसर विधानसभा क्षेत्र के गांव आलमपुर में जन-जीवन योजना के अंतर्गत पुरानी एवं क्षतिग्रस्त एसी/पीवीसी पेयजल पाइपलाइन को बदलने के कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। गांव आलमपुर में पुरानी और जर्जर पेयजल पाइपलाइन के कारण लोगों को आने वाली समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से यह कार्य कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर पेयजल सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि गांव आलमपुर में पेयजल पाइपलाइन बदलने के पूरे प्रोजेक्ट पर लगभग 24.66 लाख रुपये की लागत आ रही है। इसी कड़ी में आज सरकारी स्कूल से लेकर दयालचंद के घर तक लगभग 468 मीटर लंबी नई पाइपलाइन बिछाने के कार्य का शुभारंभ किया गया, जिस पर लगभग 4.50 लाख रुपये की लागत आएगी। उन्होनें रोड़ चौपाल के नवनिर्माण के कार्य की भी आधारशिला रखी जिस पर लगभग 10.50 लाख का खर्च आयेगा।





### स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार जरूरी

**कुरुक्षेत्र।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, स्वच्छता तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श अत्यंत आवश्यक हैं। आयुष पद्धति न केवल रोगों के उपचार में सहायक है बल्कि बीमारियों की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और आयुष पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र द्वारा गांव आम कलाल माजरा स्थित गुरु रविदास धर्मशाला में आयुष ग्राम पहल के अंतर्गत एक विशेष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

**बैठक** डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने के निर्देश, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**बैठक में एसआईआर की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की**

## एसआईआर को गंभीरता से लें सभी बीएलओ व अन्य कर्मचारी : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पानीपत। एसआईआर को लेकर संबंधी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए एसडीएम मनदीप कुमार। फोटो : हरिभूमि

विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में 24-पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), एईआरओ तथा सुपरवाइजरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम मनदीप कुमार ने की। बैठक में अभियान की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य को पूरी गंभीरता, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। मतदाता सूची की शुद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्रत्येक बीएलओ, एईआरओ और सुपरवाइजर की नैतिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी अपने क्षेत्र में पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करे कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे और सभी आवश्यक प्रपत्रों का समय पर सत्यापन एवं डिजिटाइजेशन पूरा किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि यह कार्य हर हाल में निर्धारित समय के भीतर पूरा होना चाहिए। यदि किसी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा कार्य में अनावश्यक देरी पाई गई और कार्य संतोषजनक नहीं मिला तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन गुणवत्ता के साथ समयबद्ध कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। बैठक में तहसीलदार मनोज, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता करण बहल, डिप्टी डीईओ मनीष गुप्ता, प्रिंसिपल सरिता, संजीव शास्त्री, महेंद्र सिंह, नवनीत, कंवरभान, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटिरहित बनाना उद्देश्य

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह किया है कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में आमजन सहयोग करते हुए इस अभियान को सफल बनाने का काम करें। नगराधीश एवं उपनिवार्चन अधिकारी अभिषेक गर्ग ने बताया कि बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म उपलब्ध करा रहे है।

### पात्र गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध करवाएं

**शहजादपुर।** निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी शिवजीत भारती ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत सभी पात्र मतदाता समय पर अपना गणना प्रपत्र (ईएफ) भरकर संबंधित बीएलओ को उपलब्ध करवाएं, ताकि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि 14 जुलाई 2026 तक चल रहे इस अभियान के अंतर्गत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर गणना प्रपत्र भरवाने तथा उनका डिजिटलीकरण कर रहे हैं।

### डीसी ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बुधवार को कल्पना चावला महिला बहुतकनीकी संस्थान में ईवीएम व वीवीपैट के लिए स्थापित किए गए वेयरहाउस का भौतिक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस के गेट पर लगे ताले की सील को चेक करने के साथ-साथ सुरक्षा की दृष्टि से यहां पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने निरीक्षण के दौरान यहां पर की गई व्यवस्थाओं जैसे अग्निशमन यंत्र, सिक्योरिटी व अन्य बिंदुओं के बारे में चुनाव तहसीलदार से जानकारी ली।

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक कल

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक 10 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में होगी। सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अन्त्योदय (एसईडब्लयूए) सत्कार, वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मीटिंग की अध्यक्षता करेंगे। गर्ग ने बताया कि मीटिंग को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मीटिंग में रखा जाने वाला एजेंडा भी तय हो गया है।

### विशेष लोक अदालत 18 को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 18 जुलाई 2026 को जिला न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है। इससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत हो सके तथा न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके।

# जेल की कालकोठरी में भी पहुंची साक्षरता की मशाल

- 236 निरक्षर बंदियों को पढ़ाएंगे जेल के ही सत्रह शिक्षित बंदी
- डीईओ और जेल अधीक्षक ने किया अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला को पूर्ण साक्षर बनाने के संकल्प के साथ जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में चल रहा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अब समाज के उस वर्ग तक भी पहुंच गया है जहां शिक्षा की रोशनी पहुंचाना सबसे बड़ी चुनौती माना जाता है। शहर की गलियों, गांवों और मोहल्लों में साक्षरता का प्रकाश फैलाने के बाद अब यह अभियान अंबाला सेंट्रल जेल की कालकोठरियों तक पहुंच चुका है। जेल सुपरीडेंटेंड सतविंदर गोदारा के सहयोग से जेल में निरक्षर बंदियों को शिक्षित करने की अनूठी पहल शुरू की गई है। इस अभियान के अंतर्गत जेल में बंद सभी 236 निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सबसे प्रेरणादायक पहलू यह है कि इन्हें पढ़ाने का जिम्मा जेल में ही बंद 17 शिक्षित कैदियों ने स्वैच्छिक शिक्षक बनकर संभाला है।

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत सुनियोजित ढंग से की गई। प्रथम चरण में मई माह के दौरान 17 शिक्षित बंदियों का उल्लास पोर्टल पर स्वैच्छिक शिक्षक के रूप में पंजीकरण कराया गया। दूसरे चरण में सभी 236 निरक्षर बंदियों को उल्लास पोर्टल पर इन स्वैच्छिक शिक्षकों के साथ टैग किया गया। अब तीसरे चरण में वास्तविक शिक्षण कार्य आरंभ कर दिया गया है। इन सभी लर्नर्स को सितंबर 2026 में होने वाली उल्लास परीक्षा में बिठाया जाएगा जिसे उत्तीर्ण करने पर इन्हें केंद्र सरकार द्वारा साक्षरता का प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर स्वयं जिला शिक्षा अधिकारी सेंट्रल जेल पहुंचे और सभी स्वैच्छिक शिक्षकों को उल्लास मार्गदर्शिका की मुद्रित प्रति भेंट कर शिक्षण की पद्धति एवं जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की अपील पर समाजसेवी टीके बजाज, राधिका चीमा, गुरविंदर चीमा, हिमांशु - गहना बजाज तथा वीटा मिल्क प्लांट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश कुमार व पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर राजीव कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी स्वैच्छिक शिक्षकों एवं उल्लास लर्नर्स को लेखन सामग्री तथा रिफ्रेशमेंट उपलब्ध कराकर अभियान को सामाजिक सहयोग का मजबूत संदेश दिया।



अंबाला। बंदियों को संबोधित करते डीईओ सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

### 27000 निरक्षर हो चुके साक्षर

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात उल्लास कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सुशील अरोड़ा ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा के नेतृत्व में जिले में अब तक लगभग 33 हजार निरक्षर व्यक्तियों का उल्लास पोर्टल पर पंजीकरण किया जा चुका है जिनमें से करीब 27 हजार शिक्षार्थी साक्षरता परीक्षा उत्तीर्ण कर साक्षर बन चुके हैं। कार्यक्रम में मौजूद तीनों समाज सेवियों ने विश्वास व्यक्त किया कि अंबाला सेंट्रल जेल में शुरू हुई यह पहल सुधार, पुनर्वास और आत्मविश्वास की नई मिसाल बनेगी। अंबाला को पूर्ण साक्षर जिला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी। अंत में जेल अधीक्षक सतविंदर गोदारा ने कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उल्लास कार्यक्रम से जेल के सभी बंदियों और कर्मियों के जीवन में अभूतपूर्व सकारात्मक परिवर्तन होगा।

# एसआईआर का काम तय समय पर पूरा करने के निर्देश

डीसी बोले, केंद्रीय चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार चल रहा काम, बीएलओ के पास ही जमा करवाएं फार्म

## सीईओ ने अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने वीसी के जरिए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए जरुरी निर्देश भी दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत 14 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म मतदाताओं से भरवाना सुनिश्चित कर रहे हैं।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत तय शैड्यूल के अनुसार काम किया जा रहा है। निर्धारित अवधि तक विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जो दिशा-निर्देश मिले हैं उनकी अनुपालना के तहत आगे भी सभी कार्यों को किया जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को कहा कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण है। इस कार्य में अधिकारियों का अहम योगदान रहेगा। राजनीतिक दल के प्रतिनिधि भी अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से सहयोग करवाना सुनिश्चित करे ताकि इस कार्य को बेहतर ढंग से करते हुए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि सम्बन्धित बीएलओ इस एन्यूमरेशन फार्म को मतदाता के घर देना सुनिश्चित करेगा। उसके उपरांत परिवार का मुखिया इस फार्म को भरकर बीएलओ को देंगे। इसके अलावा मतदाता अपने बूथ लेवल अधिकारी, निर्वाचन पंजीयन अधिकारी कार्यालय व जिला निर्वाचन कार्यालय में भी यह फार्म जमा करवा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा इस फार्म के अलावा मतदाता से किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज प्राप्त नहीं किए जाएंगे। बैठक में एसडीएम अंबाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल, एसडीएम नारायणगढ़ शिवजीत भारती, एसडीएम बराड़ा सतिंद्र सिवाच, नगराधीश अभिषेक गर्ग, डीआईओ अंकित, तहसीलदार आदित्य रंगा, चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा, बीडीपीओ जोगेश कुमार, बीडीपीओ आस्था, नायब तहसीलदार आशीष, अमित वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।



अंबाला। मीटिंग में मौजूद प्रशासनिक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### रेशनेलाइजेशन 14 जुलाई तक

उन्होंने यह भी कहा कि केवल उन्हीं मतदाताओं का नाम ही मतदाता सूचियों की प्रारंभिक प्रकाशन में शामिल होंगे जिनके द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित एन्यूमरेशन फार्म दिए जाएंगे। उपायुक्त ने यह भी बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन से पूर्व बूथ लेवल एजेंट एक दिन में एक मतदान केंद्र पर केवल 50 फार्म ही जमा करवा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि आयोग की हिदायतों अनुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य के साथ मतदान केंद्रों का रेशनेलाईजेशन 14 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। इसके उपरांत मतदाता सूचियों का प्रारंभिक प्रकाशन 21 जुलाई 2026 को कर दिया जाएगा। यह सूची जिला प्रशासन की वेबसाईट पर भी अपलोड कर दी जाएगी। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत यदि मतदाता सूचियों से संबंधित कोई दावे तथा आपत्तियां दी जानी है तो 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दी जा सकती है। इसके उपरांत 21 जुलाई से 18 सितंबर तक ईआरओ व ऑथोरिटी द्वारा दावे व आपत्तियों का निपटान किया जाएगा। 22 सितंबर 2026 को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा।





अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

# नए छात्रों को दी कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था की जानकारी

- समावेशी शिक्षा की भावना के साथ प्रशिक्षण को सफल बनाने का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अधोया स्थित लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में डीएलएड सत्र 2026–28 (फेज-II) के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय अभिमुखीकरण (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, अनुशासन, उपलब्ध संसाधनों एवं संस्थान की कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध लेखक, कवि, गीतकार, गायक, संगीतकार एवं प्रेरक वक्ता ने शिरकत की। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का प्रसार करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माता होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व में नैतिक मूल्यों, संवेदनशीलता, अनुशासन और सेवा भावना विकसित करने का आह्वान किया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षक शिक्षा का उद्देश्य केवल योग्य अध्यापक तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसे उत्तरदायी एवं संवेदनशील शिक्षक तैयार करना है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। उन्होंने विद्यार्थियों को समर्पण, उत्कृष्टता और समावेशी शिक्षा की भावना के साथ अपने प्रशिक्षण को सफल बनाने का संदेश दिया।

# मतदाता सूची में नाम सुरक्षित रखने के लिए समय रहते करवाएं सत्यापन:चित्रा

- तय कार्यक्रम के अनुसार 14 जुलाई प्रक्रिया की अंतिम तिथि



वरिष्ठ नेत्री चित्रा सरवारा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतिम चरण को लेकर वरिष्ठ जननेत्री चित्रा सरवारा ने अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से समय रहते अपने मतदाता सत्यापन प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 14 जुलाई इस प्रक्रिया की अंतिम तिथि है। इसलिए प्रत्येक मतदाता यह सुनिश्चित करें कि उसके परिवार के सभी पात्र सदस्यों तक फॉर्म पहुंच चुका है। उसे सही प्रकार से भरकर समय रहते जमा भी करवा दिया गया है। चित्रा ने कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 60 हजार मतदाताओं के फॉर्म अभी तक वापस जमा नहीं हो पाए हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि अंतिम समय का इंतजार करने के बजाय सभी मतदाता तुरंत अपने दस्तावेज पूरे कर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करें, ताकि किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या तकनीकी असुविधा से बचा जा सके। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर नियुक्त बीएलओ प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक अपने-अपने मतदान केंद्र पर उपलब्ध रहते हैं। यहां मतदाता अपने भरे हुए एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं। यदि किसी मतदाता को फॉर्म भरने, आवश्यक दस्तावेज तैयार करने अथवा जमा करवाने में किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो वह अपने क्षेत्र के बीएलओ या हमारी टीम के बीएलए से संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि उनकी पूरी टीम बूथ स्तर पर सक्रिय है। प्रत्येक जरूरतमंद मतदाता की हरसंभव सहायता के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यदि किसी नागरिक को किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो उनकी टीम फॉर्म भरवाने से लेकर संबंधित बीएलओ तक पहुंचाने में भी पूरा सहयोग करेगी।





बराड़ा। पौधरोपण करते कॉलेज स्टूडेंटस।

### कॉलेज की लड़कियों ने पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**बराड़ा।** संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में वन महोत्सव के अंतर्गत इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन इको क्लब की समन्वयक डॉ. ऋतु चांदना, सदस्य डॉ. पूजा बैरागी तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमन देवी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। प्राचार्या डॉ. दलजीत कौर विर्क ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं। इको क्लब की समन्वयक डॉ. ऋतु चांदना ने छात्राओं से अपने घर और आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इको क्लब का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को पूर्णतः ग्रीन कैंपस के रूप में विकसित करना है।

# लाल कुर्ती बाजार के होटलों में चेकिंग नियमों की अनदेखी पर दी सख्त चेतावनी

- होटल में ठहरने वाले हर व्यक्ति की पहचान से जुड़े दस्तावेज लेने के भी आदेश, सीसीटीवी कैमरों की रखनी होगी फुटेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कानून व सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नियमों का पालन सुनिश्चित करवाने के उद्देश्य से पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में आज पुलिस द्वारा अंबाला छावनी के लाल कुर्ती बाजार में स्थित विभिन्न होटलों का निरीक्षण किया गया।

यह विशेष चेकिंग अभियान प्रबंधक थाना पड़ाव इंस्पेक्टर प्रवीन आर्य एवं प्रभारी पुलिस चौकी लाल कुर्ती राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। इनमें महिला व पुरुष पुलिस कर्मचारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम ने होटलों के रिकॉर्ड, सुरक्षा व्यवस्था और दस्तावेजों की गहनता से जांच की। सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए होटल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई हैं, सभी होटल संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे होटल में ठहरने वाले हर ग्राहक का सही इंद्राज रजिस्टर व सिस्टम में करें। बिना वैध पहचान पत्र के किसी को भी कमरा न दिया जाए।



अंबाला। होटल में जांच करते पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

### वीडियो बैकअप जरूरी

होटल परिसर के सभी सीसीटीवी कैमरों को हर वक्त सुचारू रूप से चालू रखा जाए। कैमरों की पोजीशन ऐसी हो जिससे हर आने-जाने वाले पर नजर रहे। साथ ही, न्यूनतम 30 दिनों का वीडियो बैकअप रखना अनिवार्य होगा। होटलों में अग्निशमन के पर्याप्त उपकरण वर्किंग कंडीशन में होने चाहिए। इसके साथ ही संबंधित विभाग से फायर एनओसी लेना सुनिश्चित किया जाए। होटल व्यवसांय से जुड़े अन्य सभी कानूनी नियमों, स्थानीय प्रशासन के आदेशों और गाइडलाइंस का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। पुलिस ने साफ कहा कि सुरक्षा व्यवस्था के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी होटल संचालक नियमों की अवहेलना करता हुआ पाया गया या सुरक्षा में लापरवाही बरती गई, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### 31 जुलाई तक करें आवेदनः उपायुक्त

**अंबाला।** डीसी अजय सिंह तोमर ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामत पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए गृह मंत्रालय की ओर से ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है। नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

राहत | अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपना आवेदन पूरा करें

# आईटीआई में दाखिले की तारीख बढ़ी अब 15 तक आवेदन करने का मौका

सभी विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार ट्रेड का चयन करें

- ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) एट होली में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। संस्थान के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने सरकारी एवं निजी आईटीआई में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 15 जुलाई 2026 कर दी है। उन्होंने बताया कि पहले से पंजीकृत अभ्यर्थी 15 जुलाई 2026 तक अपनी पसंद के ट्रेड एवं संस्थान का चयन कर विकल्प भर सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से अपील की कि अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते अपना आवेदन पूरा करें और अपनी रुचि के अनुसार ट्रेड का चयन करें। उन्होंने बताया कि संस्थान में रोजगारपरक एवं तकनीकी ट्रेडों में प्रशिक्षण की उत्कृष्ट सुविधा उपलब्ध है। इनमें कोपा, इलेक्ट्रिशियन, वेल्डर, मोटर मैकेनिक व्हीकल (एमएमवी), ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल, ड्राफ्ट्समैन सिविल, डीजल मैकेनिक, फिटर, सरफेस ऑर्नामेंटेशन टेक्निक्स (एसओटी), सिलाई टेक्नोलॉजी, रेफ्रिजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग (आरएसी), इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट, स्टेनोग्राफी (हिंदी) तथा वुड वर्क टेक्नोलॉजी'' सहित अनेक ट्रेडों में प्रवेश के लिए सीटें उपलब्ध हैं। इन ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं और अपने कौशल को विकसित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

प्रवेश संबंधी किसी भी जानकारी के लिए अभ्यर्थी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बराड़ा एट होली में स्थापित हेल्प डेस्क से संपर्क कर सकते हैं। यहां ऑनलाइन आवेदन करने में भी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा अभ्यर्थी विभाग के आईटीआई प्रवेश पोर्टल से भी प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।







### विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपी दबोचा

**बराड़ा।** विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान उससे पूछताछ कर ठगी गई राशि की बरामदगी तथा मामले में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। जानकारी के अनुसार थाना मुलाना क्षेत्र के गांव तलहेड़ी गुजरान के नवीन कुमार ने 18 जून 2026 को शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 से मई 2026 के बीच आरोपी अभिमन्यु कुमार सिंह और उसके साथियों ने उसे विदेश भेजने का झांसा देकर 18.50 लाख रुपये ले लिए। आरोपियों ने न तो उसे विदेश भेजा और न ही उसकी रकम लौटाई।